Australian Government
Department of Social Services

# व्यक्तियों के लिए विकलांगता (अक्षमता) वकालत

## विकलांगता वकालत (डिसेबिल्टी एडवोकेसी) क्या है?

ऑस्ट्रेलियाई सरकार, और कुछ राज्य और राज्य-क्षेत्र की सरकारें, विकलांग लोगों के मानवाधिकारों को बढ़ावा देने, उनकी रक्षा करने और उनका बचाव करने में मदद करने के लिए व्यक्तिगत विकलांगता वकालत सहायता को फण्ड (धन-राशि) देती हैं।

## विकलांगता वकालत किसके लिए है?

वकालत सहायता उन विकलांग लोगों के लिए है जो जटिल चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

यदि आपको ऐसा लगता है कि आप स्वयं किसी कठिन परिस्थिति के बारे में कार्य करने, बोलने या लिख पाने में असमर्थ हैं, या ऐसा करने में आपकी सहायता करने के लिए आपके पास स्पोर्ट नेटवर्क (सहायता संपर्क) नहीं है, तो विकलांग वकालत एक विकल्प हो सकता है।

जब तक कि हितों का कोई टकराव न हो, विकलांग लोगों की ओर से काम करने वाले परिवार के सदस्य या देखभालकर्ता भी विकलांगता वकालत सहयोग पाने के योग्य हो सकते हैं।

## विकलांगता वकालत क्या है?

एक विकलांगता वकील (डिसेबिल्टी एडवोकेट) आपकी कई तरह से सहायता कर सकता है, जिसमें शामिल हैं:

- आपको यह समझाने में मदद करना कि आपके अधिकार क्या हैं और उनको कैसे जताना है
- जीवन के सभी क्षेत्रों में आपकी क्षमता और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने के लिए सेवाएं और सहायता पाने में आपकी मदद करना
- मुद्दों को सुलझाने के लिए उनके संकट में बदलने या आपको और अधिक नुकसान पहुँचने से पहले आपकी ओर से कार्य करना।

वकील आपके पक्ष में होता है। वे आपके चैंपियन हैं। वे उस समय आपकी सहायता करने और आपका पक्ष रखने के लिए होते हैं, जब आप में ऐसा करने का विश्वास नहीं होता है। वे सहायता और जानकारी भी प्रदान कर सकते हैं ताकि आप अपने लिए वकालत करने में अधिक आत्मविश्वास महसूस करें।

## क्या विकलांगता वकालत गोपनीय है?

वकील आपकी बात सुनता है और आपकी समस्याओं और जानकारी को निजी और गोपनीय रखता है। वे आपकी अनुमति से ही जानकारी देंगे। हालाँकि, अगर कोई आपको नुकसान पहुँचा रहा है, तो उन्हें इसकी रिपोर्ट करनी पड़ सकती है।

विकलांगता वकील ऐसे सामुदायिक संगठनों से जुड़े होते हैं जो वकालत सेवाएं प्रदान करते हैं। उन्हें सरकार से फंडिंग मिलती है लेकिन वे सरकार से स्वतंत्र होते हैं।

आपका वकील आपके और आपके हितों के लिए काम करेगा। आपकी ओर से कुछ करने से पहले आपका वकील हमेशा आपसे बात करेगा।

## यदि मैं किसी विकलांगता वकील से संपर्क करता हूँ तो क्या होता है?

आपसे कुछ प्रश्न पूछे जाएंगे ताकि संगठन यह समझ सके कि आप किस समस्या का सामना कर रहे हैं और क्या वे मदद करने में सक्षम हैं। यदि वे मदद नहीं कर सकते हैं, तो संगठन सहायता के लिए किसी और संगठन की जानकारी दे सकता है या आपको अपनी वकालत स्वयं करने में मदद करने के लिए जानकारी और संसाधन प्रदान कर सकता है।

अगर संगठन मदद करने में सक्षम है, तो वे आपकी समस्या का हल निकालने में मदद करने के लिए आपके लिए एक वकील का चयन करेंगे। आम तौर पर, आपको कुछ फॉर्म जैसे सहमति फॉर्म पर हस्ताक्षर करना होगा।

अधिकांश वकालत संगठन भी आपके साथ वकालत की एक योजना बनाएंगे। वकालत योजना उन मुद्दों को निर्धारित करेगी जिनका आप अनुभव कर रहे हैं, और यह भी निर्धारित करेगी कि आप और आपके वकील क्या कदम उठाएंगे, और आप किन बदलावों के लिए काम कर रहे हैं।

## मेरे विकलांगता वकील किस प्रकार के मुद्दों में मेरी सहायता कर सकते हैं?

**निम्नलिखित काम करके सरकारी लाभों, भुगतानों, पेंशन और सहायता सेवाएँ पाने में मदद देना:**

- फॉर्म भरने और/या साक्ष्य प्रस्तुत करने में आपकी सहायता करना
- आपके साथ आपके सहायक व्यक्ति के रूप में बैठकों में भाग लेना
- आपकी ज़रूरतों को पूरा करने वाली सहायता सेवाएँ ढूँढ़ने में आपकी मदद करना।

**निम्नलिखित काम करके शिक्षा, आवास और रोजगार पाने में मदद देना:**

- कार्यस्थल, स्कूल या विश्वविद्यालय में उचित और आवश्यक समायोजन करने में आपकी मदद करना
- आवास, स्थानान्तरण या घर में संशोधन-कार्यों के लिए आवेदनों और बैठकों में आपकी सहायता करना
- आपकी आवश्यकताओं के आधार पर एक मजबूत केस बनाने के लिए दस्तावेज़ और सबूत तैयार करने में मदद करना।

**निम्नलिखित काम करके आपके मानवाधिकारों को समझने और उनका प्रयोग करने में आपकी मदद करना:**

- स्वतंत्रता, सम्मान, समानता और गरिमा और विकलांग लोगों के अधिकारों के संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCRPD) के बारे में बात करना
- यह समझने में आपकी मदद करना कि ये आपसे कैसे संबंधित हैं
- अपना पक्ष रखने के लिए आपका सहयोग करना
- शिकायत करने में आपकी सहायता करना।

**निम्नलिखित काम करके भेदभाव, दुर्व्यवहार, उपेक्षा और शोषण को संबोधित करने में मदद देना:**

- घरेलू हिंसा सेवाओं सहित पीड़ित/उत्तरजीवी सहायता सेवाओं से बात करने या आवेदन करने में आपकी मदद करना
- पुलिस से बात करना
- मानवाधिकार आयोग को शिकायत करने में आपकी सहायता करना।

**किसी कानूनी मुद्दे के लिए सहायता ऐसे पाएं:**

- आपको एक कानूनी सेवा के पास भेजना या आपकी ओर से कानूनी सहायता के लिए आवेदन करना
- सबूत इकट्ठा करने और अपने वकील के साथ बात करने में आपकी सहायता करना
- सहायक व्यक्ति के रूप में अदालत, मध्यस्थता और न्यायाधिकरण की सुनवाई में भाग लेना।

**निम्नलिखित काम करके मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्राप्त करने में मदद देना:**

- आपको मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए संदर्भित करना
- आपके मानसिक स्वास्थ्य व्यवसायी को आपकी आवश्यकताओं के बारे में बताने में आपकी मदद करना
- आप जो देखभाल, दवाएं या उपचार पा रहे हैं उन्हें समझने में आपकी सहायता करना और यदि आपको लगता है कि वे उचित नहीं हैं तो उनकी समीक्षा करवाना
- मानसिक स्वास्थ्य समीक्षा ट्रिब्यूनल में आपके सहायक व्यक्ति के रूप में कार्य करना।

**अनुवाद सेवाएँ प्राप्त करवाना जैसे कि:**

- अनुवाद और दुभाषिया सेवा (TIS National)
- ऑस्लान (Auslan) अनुवाद सेवाएं
- राष्ट्रीय रिले सेवा।

## विकलांगता वकील किस प्रकार का व्यक्ति होता है?

विकलांगता वकील विकलांगता को समझते हैं। कुछ वकीलों के पास विकलांगता का अपना स्वयं का अनुभव होता है। कुछ वकीलों के पास स्वास्थ्य पेशेवरों, सामाजिक या विकलांगता कार्यकर्ताओं, चिकित्सा सहायकों या देखभालकर्ताओं के रूप में पुराने अनुभव होते हैं।

सभी वकील विकलांग लोगों को उनकी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने और आदर, सम्मान और स्वतंत्रता के साथ जीने के लिए सशक्त महसूस कराने में मदद करना चाहते हैं।

## मैं किसी विकलांगता वकील को कैसे ढूंढूं?

अपने क्षेत्र में वकील को खोजने के लिए:

- https://askizzy.org.au/disability-advocacy-finder पर ऑनलाइन Ask Izzy पर जाएँ।
- सर्च बार में 'विकलांगता सहायता (Disability advocacy)' टाइप करें
- आपको अपना उपनगर (सबर्ब) या पोस्टकोड बताने के लिए कहा जाएगा।
- खोजकर्ता (The Finder) तब आपके क्षेत्र में सहायक सेवाओं की संपर्क सूची देगा।

जब आप पहली बार किसी विकलांगता वकालत सेवा से संपर्क करते हैं, तो आप अपनी स्थिति के बारे में जानकारी दे सकते हैं और मदद माँग सकते हैं। यह सेवा तब आपको एक वकील दे सकती है, आपको उनकी प्रतीक्षा सूची में रख सकती है या सहायता के लिए आपको किसी अन्य सेवा में भेज सकती है।

> आप डिसएबिलिटी गेटवे (Disability Gateway) से 1800 643 787 पर संपर्क करके, सोमवार से शुक्रवार, सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक AEST/AEDT या www.disabilitygateway.gov.au पर 'एडवोकेट्स' खोज कर अपने करीब कोई वकील भी ढूंढ सकते हैं।

यदि आपको अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में जानकारी चाहिए, तो अनुवाद और दुभाषिया सेवा को 131 450 पर कॉल करें और डिसएबिलिटी गेटवे से जोड़ने के लिए कहें।

यदि आप बहरे हैं या आपको सुनने में कठिनाई होती है और/या फोन का उपयोग करने वाले लोगों से बात करने में कठिनाई महसूस करते हैं, तो राष्ट्रीय रिले सेवा को 1800 555 677 पर कॉल करें और विकलांगता गेटवे से जोड़ने के लिए कहें।

## मुझे और अधिक जानकारी कहाँ मिल सकती है?

Disability Gateway एक मुफ़्त, ऑस्ट्रेलिया-व्यापी सेवा है जो सभी विकलांग ऑस्ट्रेलियाई लोगों, उनके परिवारों और देखभालकर्ताओं को विश्वसनीय जानकारी खोजने और उनके स्थानीय क्षेत्र में सेवाओं से जुड़ने में मदद करती है। आप www.disabilitygateway.gov.au पर जाकर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



DSS2941.05.23